आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्यपालों द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजे गए राज्य विधेयकों पर राष्ट्रपति को तीन माह के भीतर फैसला करना चाहिए। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति महादेवन की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इसमें विलम्ब होने के वैध कारण को संबंधित राज्य के साथ साझा किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि राष्ट्रपति को भी राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर निर्णय लेने में तीन महीने से अधिक समय नहीं लेना चाहिए। अगर निर्धारित समय सीमा के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो राज्यों को न्यायालयों में जाने का अधिकार है।

<><><><><><>

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के दुर्गम और ऊंचाई पर स्थित इलाकों में सीमा सड़क संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की है। मुख्यमंत्री कल शिमला में सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन से चर्चा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और दूरदराज़ के पहाड़ी क्षेत्रों में लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में संगठन की अहम भूमिका है।

<><><><><><>

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को भाजपा सामाजिक न्याय अभियान के रूप में मना रही है। इस उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा की एक राज्यस्तरीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिदंल की अध्यक्षता में कल शिमला में हुई। इस मौके पर प्रदेश भाजपा महासचिव बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि आज शाम को डॉ भीमरॉव अम्बेदकर की प्रतिमाओं और चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन कर डॉ. अंबेडकर जी के विचारों और योगदान पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><>

नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर भाजपा कार्यकाल में शुरू की गई जनहित योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया है। जय राम ठाकुर ने अपने चम्बा के दौरे के अंतिम दिन भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत मैहला और चम्बा विधानसभा क्षेत्र के तहत परेल में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत करने के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही।

<><><><><><>

रानी सुनयना की याद में मनाया जाने वाला चंबा का तीन दिवसीय ऐतिहासिक सूही मेला कल संपन्न हो गया। मान्यता है कि छठी शताब्दी में रानी ने प्रजा की पानी की प्यास बुझाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी थी। मेले के अंतिम दिन काफी संख्या में महिलाओं ने सूही माता मंदिर पहुंचकर माँ के दर्शन किए। इस अवसर पर गद्दी समुदाय की महिलाओं ने परम्परा का निर्वहन करते हुए पारम्परिक वेशभूषा में नृत्य किया और रानी सुनयना की बलिदान गाथा का गुणगान किया।

<><><><><><>

हमीरपुर ज़िले में नादौन क्षेत्र के कोहलवीं गांव निवासी सूबेदार कुलदीप चंद जम्मू–कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ एक अभियान में शहीद हो गए हैं। उनकी शहादत से क्षेत्र में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर उनकी शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

इस बीच शहीद का पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव में आज अन्तिम संस्कार किया जायेगा।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...............

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला और दैनिक जागरण का एक जैसा शीर्षक है– अखनूर में हिमाचल के जेसीओ बलिदान।
मई में दिल्ली में होने जा रही फाइनेंस कमीशन की बैठक में शामिल होंगे सी.एम हिमाचल दस्तक की एक खबर है।
दिव्य हिमाचल की सुर्खी है– एस.डी.एम. बी.डी.ओ करेंगे बी.पी.एल परिवारों की जांच।
मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है– अप्रैल में दिसंबर जैसी ठंड–बर्फबारी और बारिश से 7 डिग्री गिरा तापमान।